**(ब) नगर विकास न्यास द्वारा प्रारम्भ की गई नवीन परियोजनाओं का विवरण :–**

1. **चम्बल नदी पर रिवर फ्रन्ट का विकास :–** चम्बल नदी पर कोटा बैराज से नयापुरा उच्चस्तरीय पुल के बीच में दोनों तटों पर रिवर फ्रंट विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के अन्तर्गत राजस्थान की विभिन्न भौलियों की शिल्पकला के अनुसार फसाड़ कार्य, छोटी एवं बड़ी समाध का विकास, बैराज गार्डन का निर्माण तथा बाढ़ से बचाव हेतु रिटेनिंग वॉल एवं दोनों ओर की घाटों का निर्माण किया जा रहा है। इसकी परियोजना लागत 800.00 करोड़ है। यह परियोजना मार्च 2022 तक पूर्ण होना संभावित है। वर्तमान मे कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।
2. **पशुपालकों हेतु देवनारायण एकीकृत आवासीय योजनाः–**कोटा शहर के पशुपालकों के लिए ग्राम धर्मपुरा एवं देवरी पुनिया के समीप न्यास की 105.00 हैक्टेयर भूमि पर एकीकृत आवासीय योजना विकसित की जा रही है। जिसमें प ुपालकों के गोबर के निस्तारण हेतु 28.00 करोड़ की लागत से बायोगैस संयंत्र की स्थापना भी की जा रही है। इस परियोजना की लागत 300.00 करोड़ है। इस परियोजना के दिसम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है। वर्तमान मे कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।
3. **अन्टाघर चौराहे पर अण्डरपास का निर्माण :–**अन्टाघर चौराहे पर भारी यातायात को दृष्टिगत रखते हुऐ यातायात को सुचारू रूप से चलाने हेतु नगर विकास न्यास द्वारा अन्टाघर चौराहे पर अण्डरपास का निर्माण किया जा रहा है। उक्त कार्य की लागत रू. 23.96 करोड़ है। अण्डरपास का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 3.81 करोड़ की लागत से सौन्दर्यीकरण के कार्य प्रगति पर है, जिसमें से 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 2.09 करोड़ की लागत से विद्युत सुसज्ज का कार्य प्रगति पर है।
4. **अनन्तपुरा तिराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण :–**भामाशाह मण्डी में जिन्सों की अत्यधिक आवक होने से अनन्तपुरा तिराहे पर भारी यातायात होने के कारण यातायात को सुचारू रूप से चलाने हेतु फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी परियोजना लागत 70.00 करोड़ है। वर्तमान में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, यह कार्य दिसम्बर 2021 तक पूर्ण होना संभावित है।
5. **एरोड्राम चौराहे पर अण्डरपास का निर्माण :–** एरोड्राम चौराहे पर यातायात की अधिकता के देखते हुऐ यातायात को सुचारू रूप से चलाने हेतु नगर विकास न्यास द्वारा एरोड्राम चौराहे पर अण्डरपास एवं अन्य विकास कार्य किये जा रहे है। उक्त कार्य की परियोजना लागत रू. 45.00 करोड़ है। अण्डरपास का 90 प्रतिशत निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।
6. **एरोड्राम चौराहे पर टावर्स ऑफ लिबर्टी का निर्माण :–** एरोड्राम अण्डरपास पर न्यास द्वारा 20.00 करोड़ की लागत से 3 टावर्स ऑफ लिबर्टी का निर्माण किया जा रहा है। जिनकी उंचाई क्रमभाः 48 मीटर, 38 मीटर एवं 31.50 मीटर है। टावरों का निर्माण मई 2022 तक पूर्ण होना संभावित है। वर्तमान मे कार्य 10 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।
7. **गोबरिया बावड़ी चौराहे पर अण्डरपास का निर्माण :–**गोबरिया बावड़ी चौराहे पर भारी यातायात को दृष्टिगत रखते हुऐ यातायात को सुचारू रूप से चलाने हेतु नगर विकास न्यास द्वारा अण्डरपास निर्मित किया जा रहा है। उक्त कार्य की परियोजना लागत रू. 20.89 करोड़ है। अण्डरपास का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 4.56 करोड़ की लागत का सौन्दर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है।

8. **जयपुर गोल्डन के समीप पार्किंग का विकासः–** जयपुर गोल्डन के समीप कोटा शहर का मुख्य व्यावसायिक केन्द्र रामपुरा बाजार स्थित होने के कारण काफी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। परन्तु पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण मुख्य सड़क पर ही अव्यवस्थित रूप से वाहनों को पार्किंग की जाती है। जिससे यातायात का आवागमन प्रभावित होता है। इस समस्या के निदान हेतु जयपुर गोल्डन के समीप 12.06 करोड़ की लागत से पार्किंग सुविधा विकसित विकसित की जा रही है। वर्तमान में 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।इस परियोजना के नवम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है।

9. **इन्द्रागांधी तिराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण :–** कोटा शहर के मुख्य व्यावसायिक केन्द्र गुमानपुरा में स्थित इन्द्रागांधी तिराहे पर भारी यातायात को दृष्टिगत रखते हुऐ यातायात को सुचारू रूप से चलाने हेतु नगर विकास न्यास द्वारा इन्द्रागांधी तिराहे पर अण्डरपास/फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। उक्त कार्य की परियोजना लागत रू. 55.40 करोड़ है।वर्तमान में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के दिसम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है।

10. **आई. एल. टॉउनशिप में ऑक्सिजोन का विकास** :–नगर विकास न्यास कोटा को आई एल टाउनशिप की भूमि हस्तान्तरित की गई हैं। इस क्षेत्र के समीप कोटा शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थान एवं आवासीय योजनाऐं जैसे राजीव गांधी नगर, इन्द्रा विहार, तलवण्डी आदि स्थित है। परन्तु इस क्षेत्र में पार्क एवं उद्यान की सुविधा का अभाव है। अतः आई एल टाउनशिप की भूमि में से 30 हैक्टैयर भूमि पर 95.00 करोड़ की लागत से सिटी पार्क (ऑक्सिजोन) विकास करवाया जा रहा है। प्रथम चरण में 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण में 7.68 करोड़ की लागत से रिसेप्शन, कैफेटेरिया, पार्किंग एवं फव्वारों का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 12.48 करोड़ की लागत से विद्युत सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। सिटी हाट एवं अन्य विकासकार्य हेतु 5.00 करोड़ की लागत की निविदा प्रक्रियाधीन है। इस परियोजना के दिसम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है।

11. **झालावाड़ रोड़ पर रेजोनेन्स/सिटीमॉल के सामने ऐलीवेटेड रोड़ का निर्माण कार्य :–** कोचिंग छात्रों एवं सिटीमॉल में अत्यधिक भीड होने के कारण छात्रों को कोचिंग एवं सिटीमॉल से राजीव गांधी नगर में जाने हेतु सरफेस पास बनाया जाना अति आव यक है। इस हेतु झालावाड़ रोड़ पर रेजोनेन्स/सिटीमॉल के सामने ऐलीवेटेड रोड़ का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसकी परियोजना लागत 46.35 करोड़ है। इस परियोजना के नवम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है। वर्तमान मे कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

12. **महाराव भीमसिंह चिकित्सालय में नवीन ओ0पी0डी0 ब्लॉक का निर्माण –**महाराव भीमसिंह चिकित्सालय में वर्तमान एवं भविश्य की आव यकताओं को दृष्टिगत रखते हुऐ आधुनिक सुविधाओं से युक्त ओ0पी0डी0 ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी लागत 40.00 करोड़ है। वर्तमान में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के दिसम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है।

13. **जे0के0 लोन अस्पताल में इनडोर एवं आउटडोर ब्लॉक का विस्तार** :–जे0के0 लोन अस्पताल में 30.00 करोड़ की लागत से 156 बेड की क्षमता का इनडोर ब्लॉक एवं ओ0पी0डी0 ब्लॉक के निर्माण किये जा रहें है। इस कार्य हेतु कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान में 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के दिसम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है।

14. <u>**महाराव भीमसिंह अस्पताल में नवीन मोर्चरी का निर्माणः—**</u> नगर विकास न्यास कोटा द्वारा महाराव भीमसिंह अस्पताल परिसर में 4.25 करोड़ की लागत से नवीन मोर्चरी का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

15. <u>**जलापूर्ति परियोजना**</u> :—कोटा शहर में 24X7 जलापूर्ति सुनिश्चित करने की दृष्टि से श्रीनाथपुरम में नवीन 50 एम0एल0डी0 का जल शोधन संयंत्र, 130 एम0एल0डी0 परियोजना में अतिरिक्त 70 एम0एल0डी0 सुविधा का विस्तार तथा अकेलगढ़ जल शोधन संयंत्र पर जलापूर्ति से संबंधित अन्य आव यक कार्य किये जा रहें है। उक्त कार्य को दो पैकेज में किया जा रहा है। प्रथम पैकेज की लागत रू 95.18 करोड़ है, इसके अन्तर्गत 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय पैकेज में 36.08 करोड़ का कार्यादेश दिया गया है। इसके अन्तर्गत 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस परियोजना के मार्च 2022 में पूर्ण होना संभावित है।

16. <u>**नयापुरा में खेल संकुल (स्पोर्टस् कॉम्पलेक्स) का विकास**</u> :— नयापुरा स्थित जे0के0 क्रिकेट पैवेलियन में इनडोर खेल सुविधाओं को विकसित करने हेतु स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का विकास किया जा रहा है। जिसकी परियोजना लागत 21.00 करोड़ है। वर्तमान में 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के मार्च 2022 में पूर्ण होना संभावित है।

17. <u>**विवेकानन्द सर्किल, नयापुरा का सौन्दर्यीकरण**</u> :— कोटा शहर के प्रवेश द्वार नयापुरा स्थित विवेकानन्द सर्किल का पुनरूद्धार एवं सर्किल पर स्थित भवनों के फसाड़ को विरासत रूप देते हुऐ सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जाना है। जिसकी परियोजना लागत 22.37 करोड़ है। वर्तमान में 45 प्रति  ात कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के फरवरी 2022 में पूर्ण होना संभावित है।

18. <u>**घोडे वाले बाबा चौराहे का विकास एवं सौन्दर्यीकरणः—**</u> कोटा शहर के मध्य में स्थित प्रमुख चौराहे घोड़े वाले बाबा चौराहे का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य की परियोजना लागत रू. 13.83 करोड़ है।वर्तमान में 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।इस परियोजना के दिसम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है।

19. <u>**अदालत चौराहे का विकास एवं सौन्दर्यीकरण**</u> :— कोटा शहर की मुख्य सड़क एवं अदालत के समीप स्थित चौराहे का विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य न्यास द्वारा दो चरणों में करवाया जा रहा है। प्रथम पैकेज 6.83 करोड़ की लागत से चौराहे का सौन्दर्यीकरण तथा द्वितीय पैकेज में 5.00 करोड़ की लागत से हाथियों का निर्माण एवं विद्युत साजसज्जा का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के दिसम्बर 2021 में पूर्ण होना संभावित है।

20. <u>**हैरिटेज गेट का निर्माणः—**</u>नगर विकास न्यास द्वारा कोटा शहर के रियासत कालीन हैरिटेज गेटों का 2 पैकेजों में जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। प्रथम पैकेज में किशोरपुरा एवं सूरजपोल गेट का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कार्य हेतु राशि रू. 7.46 करोड़ का कार्यादेश जारी किया गया है। वर्तमान में 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। द्वितीय पैकेज में पाटनपोल एवं लाडपुरा गेट का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कार्य हेतु राशि रू. 4.47 करोड़ का कार्यादेश जारी किया गया है। वर्तमान में 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

21. <u>**मल्टीपरपज स्कूल परिसर में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निर्माण**</u> :— नगर विकास न्यास द्वारा मल्टी परपज स्कूल परिसर में खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का

निर्माण किया जायेगा जिसकी लागत रू. 6.00 करोड़ है। वर्तमान में 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त कार्य जनवरी 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

22. <u>गोबरिया बावडी से एयरपोर्ट तक नाले का निर्माण :–</u> नगर विकास न्यास द्वारा गोबरिया बावड़ी सर्किल से एयरपोर्ट तक नाले का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी लागत रू. 5.00 करोड़ है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। वर्तमान मे कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

23. <u>जालिम सिंह की हवेली की प्रतिकृति का निर्माण :–</u>नगर विकास न्यास द्वारा सी0बी0 गार्डन एवं किशोर सागर तालाब के मध्य जैसलमेर स्थित जालिम सिंह की हवेली की प्रतिकृति का निर्माण किया जायेगा। जिसके निर्माण में जैसलमेर स्टोन का प्रयोग किया जायेगा। इस कार्य की लागत 7.33 करोड़ आयेगी। वर्तमान 15 प्रतिशत कार्य प्रगति पर है।

24. <u>बारां रोड़ पर बोरखेड़ा रेल्वे ओवरब्रिज से पेट्रोल पम्प तक फ्लाईओवर का निर्माण:–</u> बारां रोड़ पर बोरखेड़ा रेल्वे ओवरब्रिज से पेट्रोल पम्प तक फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य हेतु राशि रू. 111.00 करोड़ का कार्यादेश जारी कर दिया गया है। वर्तमान में 15 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कार्य प्रगति पर है।

25. <u>गवर्नमेंट कॉलेज का विकास :–</u> नगर विकास न्यास कोटा द्वारा 2.94 करोड़ की लागत से गवर्नमेंट कॉलेज का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कार्य प्रगति पर है।

26. <u>बड़ तिराहे पर बस स्टैण्ड का निर्माण:–</u>नगर विकास न्यास कोटा द्वारा 3.26 करोड़ की लागत से बड़ तिराहे पर बस स्टैण्ड का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में 25 प्रतिशत कार्य प्रगति पर है।

27. <u>सुभाष लाईब्रेरी का जीर्णोद्धार :–</u> नगर विकास न्यास द्वारा 3.75 करोड़ की लागत से सुभाष लाईब्रेरी का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। वर्तमान में 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कार्य प्रगति पर है।

28. <u>महाराणा प्रताप सर्किल, कुन्हाड़ी का विकास कार्य:–</u>नगर विकास न्यास द्वारा 5.39 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप सर्किल का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कार्य प्रगति पर है।

29. <u>80 फुट रोड़ पर अण्डरपास का निर्माण :–</u> नगर विकास न्यास द्वारा 6.43 करोड़ की लागत से अस्सी फीट रोड़ पर अण्डरपास का निर्माण किया जा रहा है।वर्तमान में 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कार्य प्रगति पर है।

30. <u>80 फुट रोड़ पर रेल्वे अण्डरपास निर्माण :–</u> नगर विकास न्यास द्वारा रेल्वे के माध्यम से 6.14 करोड़ की लागत से अस्सी फीट रोड़ पर अण्डरपास का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कार्य प्रगति पर है।

31. <u>नाका चुंगी चौराहे का विकास कार्य:–</u> न्यास द्वारा 4.80 करोड़ की लागत से नाका चुंगी चौराहे का विकास किया जा रहा है। उक्त कार्य जून 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान मे कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

32. <u>महाराणा प्रताप चौराहे का विकास कार्य :–</u> न्यास द्वारा 7.05 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप चौराहे का विकास किया जा रहा है। उक्त कार्य मार्च 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान मे कार्य 75 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

33. **<u>महाराणा प्रताप चौराहे पर ऐलिवेटेड रोड़ का कार्य :–</u>** न्यास द्वारा 34.59 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप चौराहे पर ऐलिवेटेड रोड़ का निर्माण किया जा रहा है। उक्त कार्य मार्च 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान मे कार्य 5 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

34. **<u>हर्बल पार्क में स्नेक पार्क का निर्माण :–</u>** न्यास द्वारा हर्बल पार्क में स्नेक पार्क का निर्माण 7.45 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। उक्त कार्य अप्रेल 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

35. **<u>जे.डी.बी. कॉलेज के सामने महात्मा गांधी, पं0 जवाहर लाल नेहरू एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्तियों की स्थापना :–</u>** न्यास द्वारा 3.60 करोड की लागत से जे.डी.बी. कॉलेज के सामने महात्मा गांधी, पं0 जवाहर लाल नेहरू एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्तियों की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य फरवरी 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान मे कार्य 15 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

36. **<u>एरोड्राम चौराहे पर फसाड़ का कार्य :–</u>** एरोड्राम चौराहे पर न्यास द्वारा 8.00 करोड़ की लागत से चौराहे कि चारों तरफ के भवनों पर फसाड़ का कार्य किया जायेगा। निविदा स्वीकृति प्रक्रियाधीन है, भीघ्र ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

37. **<u>जयपुर गोल्डन के सामने फसाड़ का कार्य :–</u>** जयपुर गोल्डन के सामने 3.00 करोड़ की लागत से फसाड़ का कार्य किया जायेगा । वर्तमान में निविदा प्रक्रियाधीन है।

38. **<u>हाट बाजार का विकास :–</u>** नगर विकास न्यास द्वारा 6.00 करोड़ की लागत से हाट बाजार का विकास एवं विद्युत सुसज्जा का कार्य किया जायेगा।

39. **<u>कोटड़ी चौराहे पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण :–</u>** न्यास द्वारा 11.41 करोड़ की लागत से कोटड़ी चौराहे पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण किया जायेगा। उक्त कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन है।

40. **<u>रेलवे स्टेशन से भीमगंजमण्डी थाना तक फसाड़ का कार्य:–</u>** न्यास द्वारा 7.32 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन से भीमगंजमण्डी थाना तक फसाड़ का कार्य किया जायेगा। उक्त कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन है।

41. **<u>विवेकानन्द चौराहे पर एल.ई.डी. स्क्रीन लगाने का कार्य :–</u>** न्यास द्वारा विवेकानन्द चौराहे पर 12.00 करोड़ की लागत से एल.ई.डी. स्क्रीन लगाने का कार्य किया जाना है। उक्त कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन है।

42. **<u>नदीपार, पटरीपार एवं सिविल लाईन्स क्षेत्र में जलापूर्ति तन्त्र का विस्तार :–</u>** न्यास द्वारा 60.85 करोड़ की लागत से नदीपार, पटरीपार एवं सिविल लाईन्स क्षेत्र में जलापूर्ति तन्त्र का विस्तार किया जायेगा। जिसकी निविदा प्रक्रियाधीन है।

सचिव
नगर विकास न्यास कोटा